

02

# आज समाज



04

www.aajsamaaj.com

नई दिल्ली, पृष्ठ-04, बुधवार, 13 सितंबर 2023 राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र विक्रमी संवत 2080, मास-भाद्रपद, कृष्ण पक्ष चतुर्दशी, मूल्य, 2.00 रुपए


# कपड़े के कैरी बैग बनाने सिखाए



**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में छात्राओं को कपड़े के कैरी बैग बनाने की कला सिखाने के लिए एक विशेष प्रशिक्षण शिविर मंगलवार को संपन्न हुआ।

यह शिविर एसडीजी क्लब के बैनर तले 29 अगस्त को शुरू किया गया था। विभिन्न कक्षाओं से 20 छात्रों ने भाग लिया और उन्होंने पर्यावरण की रक्षा के लिए बदलाव लाने की मानसिकता के साथ सक्रिय रूप से शिविर में भाग लिया। उन्होंने पुराने और इस्तेमाल किए हुए कपड़ों जैसे चादर, पर्दे वगैरह से कपड़े के कैरी बैग बनाना सीखा। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने प्रयासों की सराहना की और छात्रों को प्लास्टिक बैग के बजाय कपड़े के कैरी बैग का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।